## संपादकीय

# यह कैसा लोकतंत्र है?

भारतीय जनता पार्टी को अतीत में कही अपनी ही यह अवश्य याद रखनी चाहिए कि देश के मतदाताओं ने सरकार और संसद को चलाने की जिम्मेदारी उसके कंधों पर डाली है। संसद अपेक्षित गरिमा के साथ चले, इसे सुनिश्चित करना उसका दायित्व है।

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला ही दिन खराब संकेत दे गया। पहले चरण में विपक्ष अडानी प्रकरण को लेकर आक्रामक रहा था। सत्ता पक्ष को अंदाजा रहा होगा कि विपक्ष इस सिलसिले को जारी रख सकता है। मीडिया में ऐसी सुर्खियां भी भरी पड़ी थीं कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से विपक्षी दल गुस्से में हैं और वे एकजुट होकर इस मुद्दे को सदन में उठाएंगे। जाहिर है, यह भी टकराव का एक मसला है। तो विपक्ष के इन संभावित हमलों के खिलाफ सत्ता पक्ष ने जवाबी रणनीति अपना ली। दोनों सदनों की बैठक शुरू होते ही सत्ता पक्ष लंदन में दिए राहुल गांधी के भाषणों को लेकर न सिर्फ हमलावर हो गया। राज्यसभा में खुद सदन के नेता ने राहुल गांधी को निशाने पर लिया- जबकि संसदीय मर्यादा के तहत दूसरे सदन के सदस्य की बातों पर अन्य सदन में चर्चा नहीं होनी चाहिए। इससे लेकर गरमाहट बढ़ी और सदन में कोई काम की बात नहीं हो सकी। अब चूंकि दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना तीखा और अविश्वास की खाई इतनी चौड़ी हो चुकी है, इस सत्र में कोई सार्थक बात होगी, इसकी संभावना कम ही लगती है।

यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। लोकतंत्र में संसद को सर्वोच्च मंच कहा जाता है। हालांकि अब यह आशंका पुरानी हो चुकी है, मगर यह याद दिलाते रहने की जरूरत है कि अगर अगर यह मंच अपनी साख खो दे, तो फिर लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं बचेगा। भारतीय जनता पार्टी को अतीत में कही अपनी ही यह अवश्य याद रखनी चाहिए कि देश के मतदाताओं ने सरकार और संसद को चलाने की जिम्मेदारी उसके कंधों पर डाली है। संसद अपेक्षित गरिमा के साथ चले, इसे सुनिश्चित करना उसका दायित्व है। अब पानी चूंकि सिर के ऊपर से गुजर रहा है, इसलिए यह याद दिलाना भी जरूरी हो गया है कि अगर सत्ता पक्ष अपने इस दायित्व को निभाने में विफल रहा, तो देश का एक बड़ा जनमत राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की इस टिप्पणी से सहमति रखने लगेगा कि मोदी राज में लोकतंत्र नहीं है।

# शमी-सिराज के बाद चले राहुल-रवीन्द्र, भारत पांच विकेट से जीता



**मुबंई।** गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (75 नाबाद) और रवीन्द्र जडेजा (45 नाबाद) की यादगार शतकीय साझीदारी की बदौलत भारत ने पहले एक दिवसीय मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की।

वानखेडे स्टेडियम पर भारत की 12 सालों बाद यह पहली जीत है। जीत के साथ भारत ने इस मैदान पर तीन साल पहले आस्ट्रेलिया से मिली हार का बदला भी ले लिया।

आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सभी दस विकेट गंवा कर 188 रन बनाये थे और भारत को जीत के लिये 189 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसका पीछा करने उतरी टीम इंडिया एक समय अपने पांच महत्वपूर्ण विकेट मात्र 83 रन पर गंवा कर मुश्किल में नजर आ रही थी मगर क्रीज पर उतरे हरफनमौला जडेजा ने एक छोर पर मजबूती से डटे केएल राहुल का बखूबी साथ निभाते हुये भारत को जीत के दरवाजे पर पहुंचा कर ही दम लिया। दोनो बल्लेबाजों ने संयम का परिचय देते हुये आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया और 61 गेंद शेष रहने मैच को अपनी झोली में डाल लिया।

राहुल ने फार्म पर लौटने के साथ ही वानखेड़े पर खेली गयी पारी को यादगार बना दिया। उन्होने 176 मिनट क्रीज पर बिताये और 91 गेंद खेल कर सात चौके और एक छक्का जड़ा जबकि दूसरे छोर पर जडेजा ने टीम में अपनी उपयोगिता को एक बार फिर साबित करते हुये न सिर्फ दो आस्ट्रेलियाई विकेट अपने नाम किये बल्कि मुश्किलों के भंवर में फंसी टीम को बल्ले से भी मालामाल करते हुये मुस्कराने का मौका दिया।

इशान किशन (3),विराट कोहली (4) और विस्फोटक सूर्य कुमार यादव (शून्य) के आउट होने के बाद भारत की हालत पतली हो गयी थी। बाद में शुभमन गिल (20) और हार्दिक पांड्या 25) के पवेलियन लौटने के बाद आस्ट्रेलिया के खेमे में उत्साह की लहर दौड़ गयी थी मगर टीम में बल्लेबाजी की गहराई फिर नजर आयी और मेहमानो को निराशा हाथ लगी।

इससे पहले टास जीत कर भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने आस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया जिसको सही साबित करते हुये मोहम्मद सिराज (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद शमी (17 रन पर तीन विकेट) चटकाये जिसके चलते आस्ट्रेलिया की पारी को महज 35.4 ओवर के खेल में 188 रनों पर ढेर हो गयी।

दर्शकों से खचाखच भरे वानखेड़े स्टेडियम में उमस भरी गर्मी के बीच शमी और सिराज की जोड़ी के आगे दिग्गज आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पानी मांगते नजर आये। अनुभवी शमी और युवा जोश से लबरेज सिराज की दहकती गेंदों के आगे मेहमान बल्लेबाज शुरू से पारी के अंत तक असहज दिखे।

## अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी हीरो आई-लीग 2 में पदार्पण को तैयार



**मुंबई।** महाराष्ट्र का अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी हीरो आई-लीग 2 में पदार्पण के लिये कमर कस चुका है। अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी ने अपनी स्थापना के पहले ही वर्ष में एमएफए एलीट प्रीमियर लीग का खिताब (2021-22 सीजन) जीता था जबकि प्रतिष्ठित हारवुड चैंपियंस लीग को जीतकर दोहरा विजयी सीजन पूरा किया। एयूएएफसी अपने एलीट प्रीमियर लीग खिताब (2022-23 सीजन) को बचाने में सफल रहा था और मुंबई में शीर्ष घरेलू लीग में लगातार खिताब अपने नाम किया। इसके परिणामस्वरूप उन्हें अब हीरो आई लीग में नामित किया गया है।

हीरो आई-लीग 2 के 15वें संस्करण में भाग लेने वाले 20 क्लबों को चार समूहों, ग्रुप ए, ग्रुप बी, ग्रुप सी और ग्रुप डी में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में टेक्ट्रो स्वदेस यूनाइटेड (हिमाचल प्रदेश), जगत सिंह पलाही (पंजाब), मुंबई सिटी (आर) (महाराष्ट्र), डाउनटाउन हीरोज (जम्मू और कश्मीर), दिल्ली एफसी (नई दिल्ली) शामिल थे जबकि

ग्रुप बी में शिलॉन्ग लाजोंग, द डायमंड रॉक, यूनाइटेड एससी, ईस्ट बंगाल (आर) है। ग्रुप सी में बेंगलुरु एफसी (आर), गोल्डन थ्रेड्स, आरकेएम एफए, चेन्नईयिन एफसी (आर), एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड और ग्रुप डी में एआरए एफसी, डेम्पो, अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी, एफसी गोवा (आर), हैदराबाद एफसी (आर) की टीमे शिरकत करेंगी।

## 11 साल बाद टीम इंडिया को मिली वानखेड़े में जीत, आस्ट्रेलिया को दी पांच विकेट से मात

**मुंबई।** यहां वानखेड़े में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकदिवसीय मैच खेला गया। यह मैच टीम इंडिया ने पांच विकेट से जीत लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 35.4 ओवर में 188 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 39.5 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। केएल राहुल ने लय में वापसी की और बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 91 गेंदों में 75 रन की नाबाद पारी खेली। टीम इंडिया ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 11 साल बाद वनडे में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। टीम इंडिया को वानखेड़े स्टेडियम में आखिरी जीत अक्टूबर 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। इसके बाद टीम ने यहां 3 मुकाबले खेले, लेकिन तीनों में हार मिली। 2015 में साउथ अफ्रीका ने 214 रन, 2017 में न्यूजीलैंड ने 6 विकेट और 2020 में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हमें हराया। वल्र्ड कप साल में वानखेड़े की यह जीत इसलिए भी यादगार है क्योंकि यहीं 2 अप्रैल 2011 की रात भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी बार वनडे वल्र्ड कप जीता था।

## सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स में 2027 तक 10 लाख नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य : चंद्रशेखर



**बेंगलुरु।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि मोदी सरकार ने अगले चार साल में सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 10 लाख नई नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखा है।

श्री चंद्रशेखर यहां यहां युवाओं के साथ एक संवाद के दौरान कहा,हमारे प्रधानमंत्री का सापना है कि देश में बने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों का मूल्य 2025-26 तक 24 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाए। इसका मतलब है कि 2026-27 तक सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 10 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे।''

'न्यू इंडिया फॉर यंग इंडिया' की संवाद-शृंखला के तहत यहां ज्ञान ज्योति सभागार में आयोजित इस संवाद में सरकारी श्रीकृष्ण राजेंद्र सिल्वर जुबली टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (एसकेएसजेटीआई), बेंगलुरु के विद्यार्थी शामिल थे। आईटी राज्यमंत्री ने कहा कि यह इतिहास का सबसे रोमांचक दौर है और वर्तमान पीढ़ी के छात्र भारत के इतिहास में सबसे भाग्यशाली हैं। 'न्यू इंडिया फॉर यंग इंडिया' के इस सत्र में 1,500 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

दिवंगत लोकप्रिय कन्नड़ अभिनेता पुनीत राजकुमार की जयंती पर आज उनको याद करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि यह दिन 'स्पूर्ति दिवस' रूप में मनाया जाता है और छात्रों के साथ 'इंडिया टेकेड' के अवसरों पर चर्चा करने के लिए इससे उपयुक्त और कोई दिन नहीं हो सकता है।

इस मौके पर उन्होंने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास की मिसाल देते हुए 2014 से पहले और 2014 के बाद के भारत के बीच तुलना की।

# मंत्रिमंडल ने इरेडा लिमिटेड को सार्वजनिक शेयर निर्गम लाने की मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वित्तपोषण का काम करने वाली कंपनी इंडियन रिन्यूवेबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लि (इरेडा) में सरकार की आंशिक हिस्सेदारी की सार्वजनिक बिक्री और कंपनी द्वारा नए इक्विटी शेयर जारी कर धन जुटाने के लिए प्राथमिक शेयर निर्गम (आईपीओ) लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने इरेडा को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इरेडा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम है।

इरेडा लि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) और ऊर्जा दक्षता (ईई) परियोजनाओं का वित्त पोषण का कारोबार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। इस मिनी रत्न कंपनी के पूरे शेयर इस समय सरकार के पास हैं।

सीसीईएस की बैठक के बाद जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इरेडा को बाजार में सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) आगे बढ़ाएगा। इस निर्णय के बाद जून, 2017 का सीसीईए का वह निर्णय दब गया है, जिसमें इस कंपनी को आईपीओ के माध्यम से बुक बिल्डिंग आधार पर 10 रुपये के अंकित मूल्य के 13.90 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी करने की अनुमति दी गयी थी।

केंद्र ने इरेडा में अभी पिछले साल मार्च में 1500 करोड़ रुपये की पूंजी डाली थी। उसके बाद कंपनी की पूंजीगत संरचना में आए बदलाव को देखते हुए सरकान ने यह नया निर्णय किया है। सरकार का मानना है कि इरेडा के आईपीओ से जहां सरकार को अपने निवेश को उन्मुक्त करने करने में मदद मिलेगी और वहीं आम लोगों को इस राष्ट्रीय संपत्ति में हिस्सेदार बनने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस पहल से इरेडा को अपनी योजनाओं के लिए सरकारी धन पर निर्भरता कम होगी। सूचीबद्धता के बाद कंपनी को बाजार की शर्तों के अनुसार अपना संचालन करना होगा जिससे इसके संचालन में पादर्शिता बढ़ेगी।

## पैरा एथलीटों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी योगी सरकार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समय-समय पर पैरा गेम्स आयोजित किये जायेंगे और राज्य सरकार प्रदेश में दिव्यांग खिलाड़ियों को अब सामान्य खिलाड़ियों की तरह सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायेगी।

अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डा नवनीत सहगल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन को मान्यता प्रदान की गयी। इसके साथ ही डीफ, डम्ब एण्ड ब्लाइंड (श्रवणह्रास, नेत्रहीन एवं बधिर) खिलाड़ियों को भी इसमें सम्मलित करने पर जल्द ही निर्णय लिया जायेगा।

सहगल ने कहा कि राज्य सरकार अन्य लोगों की तरह पैरा एथलीटों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में एक मजबूत पैरा स्पोर्ट्स इको सिस्टम बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पैरा स्पोर्ट्स और पैरा एथलीट को विभाग की हर योजना में शामिल किया जायेगा।

उन्होने कहा कि प्रदेश में छात्रावास समेत राज्य के स्वामित्व वाली खेल सुविधाओं में दिव्यांगों के अनुकूल बुनियादी ढ़ांचा तैयार कराया जायेगा। खेल केन्द्रों एवं अकादमियों में पैरा खिलाड़ियों के लिए अलग से कोटा निर्धारित कराया जायेगा। पैरा एथलीटों के लिए कई खेलों में उच्च प्रदर्शन केन्द्र स्थापित कराने के साथ ही पैरा स्पोर्ट्स के लिए विशेष प्रशिक्षकों की भर्ती की जायेगी। साथ ही नेत्रहीन एवं बधिर खेलों के लिए सुविधायें विकसित की जायेगी।

इसके अलावा पैरा ओलंपिक खिलाड़ियों को अन्य ओलंपिक खिलाड़ियों की भांति पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस अवसर पर साई तथा खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपकी सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। नौकरी पेशा वाले लोगों को पदोन्नति मिलने के योग हैं। आप का आज का दिन बेहद शुभ नजर आ रहा है।

***वृष :*** आज आपको रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति मिलने के योग हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिल सकती है। पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल बने रहेंगे।

***मिथुन :*** आपकी आज अचानक धन लाभ मिलने की संभावना नजर आ रही है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आपका दिन भागदौड़ भरा रहेगा। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि यह आपके कामकाज बिगाडऩे की कोशिश कर सकते हैं।

***कर्क :*** आज आप अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिल सकता है। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बने रहेंगे। मेहनत का फल मिलेगा।

***सिंह :*** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। शादीशुदा जिंदगी में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है फिर भी जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की चर्चा हो सकती है।

***कन्या :*** आज आप किसी लाभदायक यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी के क्षेत्र में लाभ मिलने की संभावना है। निवेश में फायदा मिल सकता है। किस्मत आपका पूरा साथ देगी। घरेलू सुख साधनों में बढ़ोतरी होगी।

***तुला :*** आपका आज का दिन मिलाजुला नजर आ रहा है। बड़े अधिकारियों को प्रसन्न करना काफी कठिन हो सकता है। दोस्तों के साथ मिलकर आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं।

***वृश्चिक :*** आपको आज धन से जुड़े हुए मामलों में काफी सतर्क रहना होगा। आप किसी को भी पैसा उधार मत दीजिए। आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मिलना-जुलना हो सकता है। व्यवहार कुशलता से समस्या का समाधान संभव है।

***धनु :*** आज आप अपने प्रयासों से सफलता हासिल करेंगे। प्रभावशाली लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। पिताजी से व्यापार के विषय में बातचीत कर सकते हैं । स्वास्थ्य सुधार होगा।

***मकर :*** आपका आज का दिन पहले के दिनों की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपका मन धर्म-कर्म के कामों में अधिक लगेगा। सत्संग से लाभ मिल सकता है। व्यापार अच्छा चलेगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। दोस्तों की मदद से रुके हुए काम पूरे होंगे।

***कुंभ :*** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा । वाहन और मशीनरी के प्रयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आप अपनी कीमती चीजों को संभाल कर रखें। कोई भी जोखिम लेने से बचना होगा।

***मीन :*** आज आपको प्रेम संबंधित मामलों में सफलता हासिल होगी। कानूनी बाधा दूर हो सकती है। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद करेंगे। कामकाज के प्रति आप लापरवाही मत कीजिए।

## पूरी हुई गदर 2 की शूटिंग, 1954 से 1971 की टाइमलाइन



गदर 2 की शूटिंग खत्म हो चुकी है। फिल्म 1954 से 1971 तक की टाइमलाइन को फॉलो करेगी और कहानी को वहीं से आगे बढ़ाएगी जहां से पहला पार्ट खत्म हुआ था। सनी देओल और अमीषा पटेल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर का सीक्वल है। एक ट्रक ड्राइवर, तारा सिंह अपनी पाकिस्तानी पत्नी को वापस पाने की उसकी लड़ाई की कहानी बताने वाली इस फिल्म की बॉक्स-ऑफिस पर लगान से टक्कर हुई।

गदर 2 में पाकिस्तानी मेजर मलिक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता रोहित चौधरी ने अपने ट्विटर पर शूटिंग खत्म होने की तस्वीरें साझा कीं।

उन्होंने ट्वीट किया, पूरा हुआ। बहुप्रतीक्षित फिल्म गदर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है. इसका हिस्सा बनकर बहुत खास महसूस कर रहा हूं। 11.08.2023 का इंतजार नहीं कर सकता, अब पूरी तरह तैयार हूं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए रोहित ने कहा, जहां गदर की कहानी खत्म हुई थी, वहीं से गदर 2 की कहानी शुरू होती है। दूसरी किस्त 1954 से 1971 के बीच की है।

उन्होंने आगे कहा: कहानी के लेखक शक्तिमान तलवार, जिन्होंने गदर लिखी थी, ने इसकी पटकथा भी लिखी है। शूटिंग खत्म होने के बाद, फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन में प्रवेश कर चुकी है। फिल्म 11 अगस्त, 2023 को रिलीज होगी।

## रानी मुखर्जी संग सलमान के लुक ने किया आकर्षित, किक-2 की सम्भावनाओं को मिला बल



बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर एक्टर सलमान खान अपन स्वैग से प्रशंसकों का दिल जीत लेते हैं। सलमान खान ऑनस्क्रीन ही नहीं बल्कि ऑफस्क्रीन भी हमेशा दिल जीत लेते हैं। हाल ही में सलमान, रानी मुखर्जी की आगामी फिल्म मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉरवे के इवेंट पर पहुंचे जहां उन्होंने रानी मुखर्जी के साथ तस्वीरें क्लिक करवाए। हालांकि कुछ ही देर में रानी और सलमान की तस्वीरें वायरल हो गई एवं ट्विटर पर किक 2 ट्रेंड होने लगा।

दरअसल सलमान खान और रानी की तस्वीर में सलमान खान के लुक के कारण किक 2 चर्चा में आ गई है। सलमान की जो नयी तस्वीर वायरल हो रही है, उस में सलमान का लुक फ्रेंच बियर्ड वाला है। सलमान बिलकुल उस ही लुक में दिखाई दे रहे हैं, जैसे वो फिल्म किक में दिखाई दिए थे।

## खाने के बाद बच गई है दाल, तो इससे नाश्ते में बनाएं प्रोटीन से भरपूर सैंडविच



खाने में अगर दाल ज्यादा बच गई है, तो इसे फेंकने की बजाय इसका इस्तेमाल नाश्ते में कर सकते हैं। आप बची हुई इस दाल से टेस्टी और हेल्दी सैंडविच बना सकते हैं। इसे बनाना बेहद आसान है। आप इस विधि से इसे मिनटों में तैयार कर सकते हैं।

**सामग्री :**

- बची हुई दाल
- 1/2 कप बारीक कटी प्याज
- 1/2 कप बारीक कटा टमाटर
- 1/2 कप खीरा
- 1/2 कप कद्दूकस किया पनीर
- 1/2 चम्मच चिल्ली फ्लेक्स
- 1 चम्मच ऑरिगैनो
- 1 चम्मच बटर
- चीज स्लाइस
- ब्रेड के 2-4 स्लाइस

**विधि :**

सबसे पहले एक ब्रेड की स्लाइस पर दाल की एक परत लगाएं।

इसके बाद इस पर एक-एक कर सभी सब्जियां डालें।

अब इसके पर चीज का एक टुकड़ा रखें और ऊपर से सीजनिंग छिड़कें।

इसके बाद ऊपर से ब्रेड का दूसरा स्लाइस इस पर रख दें।

अब पैन में थोड़ा मक्खन डालकर सैंडविच को सुनहरा भूरा होने तक पकाएं।

तैयार है प्रोटीन से भरपूर दाल सैंडविच। इसे सॉस या चटनी के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 07

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 006 का हल**



## सू-दोकू- 07

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |